**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, शेखपुरा**

Tel. no.-06341-223812, 8986915300
E-mail- rwdsheikhpura20@gmail.com

पत्रांक.......1291......../ शेखपुरा, दिनांक....22/08/2024..../

प्रेषक,

ई0 विमल कुमार,
कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, शेखपुरा।

सेवा में,

श्री अनिल कुमार (संवेदक),
ग्राम–शेखोदेउरा, टोला–जोरवाडीह,
थाना–कौआकोल, जिला–नवादा,
पिन–805106, मो0 नं0–9931615939, 8769260439.

विषयः– शीर्ष–MMGSY योजनान्तर्गत आपके द्वारा एकरारित पथ में अनुरक्षण कार्य कराने के संबंध में।

प्रसंगः– कनीय अभियन्ता, कार्य प्रशाखा, अरियरी का आवेदन दिनांक 21.08.2024.

महाशय,

उपरोक्त विषयक कहना है कि शीर्ष–MMGSY योजनान्तर्गत आपके द्वारा एकरारित पथ **सहसरामा से सहसरामा नाई टोला पथ** का स्थल निरीक्षण संबंधित कनीय अभियन्ता द्वारा दिनांक 15.08.2024 को BRRMS App के माध्यम से किया गया है, एवं स्थल निरीक्षणोंपरान्त उक्त पथ को असंतोषजनक श्रेणी (Unsatisfactory) में रखा गया है, जिससे स्पष्ट होता है कि आपके द्वारा पथ में पंचवर्षीय अनुरक्षण का कार्य नहीं कराया जा रहा है। संबंधित कनीय अभियन्ता द्वारा प्रासंगिक आवेदन में उल्लेखित किया गया है कि आपके मोबाईल पर कॉल करने पर आप कॉल नही उठाते है, यह आपकी मनमानी एवं लापरवाही का परिचायक है। आपके द्वारा किये गए एकरारनामा के अनुसार पंचवर्षीय अनुरक्षण का कार्य कराना आपकी पूर्ण जबावदेही है।

अतः कार्यहित में निदेशित किया जाता है कि पत्र प्राप्ति के सात दिनों के अन्दर संबंधित कनीय अभियन्ता के देख–रेख में सभी आवश्यक अनुरक्षण कार्य पूर्ण कराकर अधोहस्ताक्षरी को प्रतिवेदित करें, अन्यथा बाध्य होकर आपके निबंधन को विभागीय डीबार सूची में डालने हेतु अनुशंसा भेजते हुए एकरारनामा विखंडण की कार्रवाई की जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

विश्वासभाजन

22.8.24

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल,
शेखपुरा